Weekly/ Fortnightly/ Monthly Test on ……….

Name: ……………………………………

Class & Section: ………………………

Roll No.: …………………………………

Subject: …………………………………

………

निम्नलिखित के उत्तर दीजिए:
1. लड़ने वाला जीतेगा। - वाक्य का मिश्र रूप चुनिए
A. लड़ो और जीतो।
B. जीतने के लिए लड़ना पड़ेगा।
C. जो लड़ेगा वह जीतेगा।
D. लड़ कर जीतो।

2. निम्नलिखित में से संयुक्त वाक्य होगा
A. उसने सुना कि बहादुर पढ़ेगा।
B. उसने वो किया जो मैंने उसे समझाया।
C. मैंने गोविन्द को बुलाया और वह आया।
D. तमन्ना बाज़ार चली गयी।

3. निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य छांट कर लिखिए:
A. वो तो चुपचाप रहे पर मैंने उनके दिल का हाल ताड़ लिया।
B. मेरे पैंतरे से एली दु:खी थी।
C. जब आपस में एकता बढ़ेगी तब सफलता मिलेगी।
D. वो दिन बड़े सुहाने थे।

4. डरोगे नहीं तो हर बाधा को पार करोगे। – रचना के आधार पर इसका वाक्य भेद है-
A. सरल वाक्य
B. मिश्र वाक्य
C. संयुक्त वाक्य
D. सामान्य वाक्य

5. धूप निकल रही है। रचना के आधार पर इसका वाक्य भेद है-
A. संयुक्त वाक्य
B. साधारण वाक्य
C. मिश्र वाक्य
D. सामान्य वाक्य

6. जोखू जानता है कि परिश्रम से ही सफलता मिलेगी। रचना के आधार पर इसका वाक्य भेद है-
A. संयुक्त वाक्य
B. सामान्य वाक्य
C. मिश्र वाक्य

D. इनमे से कोई नहीं

7. चोर सिपाही को देखकर भाग गया। - इसका संयुक्त वाक्य होगा -
A. जैसे ही चोर ने सिपाही को देखा, वह भाग गया।
B. चोर ने सिपाही को देखा और भाग गया।
C. चोर ने सिपाही को देख कर भाग गया।
D. जब चोर ने सिपाही को देखा तब वह भाग गया।

8. वह धावक जो सबसे आगे दौड़ रहा था, लड़खड़ाकर गिर पड़ा। - इसका साधारण वाक्य होगा -
A. एक धावक सबसे आगे दौड़ रहा था और वह लड़खड़ाकर गिर पड़ा।
B. सबसे आगे दौड़ रहा धावक लड़खड़ाकर गिर पड़ा।
C. गिरने वाला धावक लड़खड़ा कर दौड़ता रहा।
D. जो धावक गिरा था वही सबसे आगे दौड़ रहा था।

9. जो सीधे होते हैं वो ठगे जाते हैं। - रचना की दृष्टि से यह किस प्रकार का वाक्य है?
A. सरल वाक्य
B. मिश्र वाक्य
C. संयुक्त वाक्य
D. सामान्य वाक्य

10. निम्नलिखित में से संयुक्त वाक्य होगा -
A. उसने कहा कि वह जायेगी।
B. वह उपकरण जो मैंने आप को दिया था, टूट गया।
C. तारा ने पढ़ाई पूरी की और नौकरी के लिए आवेदन किया।
D. धुरंधर पहलवान चारो खाने चित हो गया।

उत्तर एवं स्पष्टीकरण

1. उत्तर: C. जो लड़ेगा वह जीतेगा।

[इस वाक्य में दो उपवाक्य हैं: “जो लड़ेगा“ तथा “वह जीतेगा” । पहला आश्रित तथा दूसरा स्वतंत्र उपवाक्य है।]

2. उत्तर: C. मैंने गोविन्द को बुलाया और वह आया।
   [क्योंकि इस वाक्य में दो स्वतंत्र उपवाक्य हैं - " मैंने गोविन्द को बुलाया " तथा " वह आया। "]
3. उत्तर: C. जब आपस में एकता बढ़ेगी तब सफलता मिलेगी।
   [क्योंकि इसमें आश्रित उपवाक्य “जब आपस में एकता बढ़ेगी” है।]
4. उत्तर: B. मिश्र वाक्य
   [क्योंकि इसमें आश्रित उपवाक्य हैं]
5. उत्तर: B. साधारण वाक्य
   [क्योंकि इसमें सिर्फ एक क्रिया पदबंध है- ”निकल रही है“]
6. उत्तर: C. मिश्र वाक्य
   [क्योंकि इसमें आश्रित उपवाक्य "कि परिश्रम से ही सफलता मिलेगी" है।]
7. उत्तर: B. चोर ने सिपाही को देखा और भाग गया।
   [क्योंकि इस वाक्य में दो स्वतंत्र उपवाक्य हैं - " चोर ने सिपाही को देखा " तथा " (चोर) भाग गया ", दोनों उपवाक्य संयोजक "और" से जुड़े हुए हैं।]
8. उत्तर: B. सबसे आगे दौड़ रहा धावक लड़खड़ाकर गिर पड़ा।
   [क्योंकि इसमें सिर्फ एक क्रिया पदबंध है- “लड़खड़ाकर गिर पड़ा ।“
9. उत्तर: B. मिश्र वाक्य
   [क्योंकि इसमें आश्रित उपवाक्य " जो सीधे होते हैं " है।]
10. उत्तर: C. तारा ने पढ़ाई पूरी की और नौकरी के लिए आवेदन किया।
    [क्योंकि इसमें दो स्वतंत्र उपवाक्य 'और' संयोजक से जुड़े हुए हैं।]